भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-322

उत्तर दिनांक 06/02/2025 को दिया गया

परमाणु रिएक्टरों के लिए भूमि अधिग्रहण और घटकों की आपूर्ति में चुनौतियाँ

322. श्रीमती रंजीत रंजन

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) सरकार द्वारा परमाणु रिएक्टर परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और भविष्य में भूस्वामियों को उचित और पर्याप्त मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जाने की योजना है;

(ख) परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए घरेलू उद्योगों से घटकों की निरंतर और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार की कार्यनीति क्या है; और

(ग) पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए और स्थायित्व के लक्ष्यों का पालन करते हुए परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए घरेलू संघटकों के पर्याप्त उत्पादन और आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) सरकार भूमि अधिग्रहण में चुनौतियों का समाधान करने और राष्ट्रीय और राज्य कानूनों और नीतियों के अनुरूप परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए उचित और आकर्षक पुनःस्थापन और पुनर्वासन (आरएंडआर) पैकेज निर्धारण के लिए राज्य और स्थानीय सरकारों के साथ मिलकर प्रभावी रूप से काम कर रही है।

(ख) व (ग) नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं के लिए घटकों की सतत और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय अपनाए जाते हैं, जैसे आपूर्तिकर्ताओं की पूर्व-योग्यता, पूर्व-बोली बैठकों के दौरान कार्य क्षेत्र और सूक्ष्म विवरणों की विस्तृत जानकारी देना, अनुबंध निष्पादन के दौरान निकट निगरानी और बातचीत, तकनीकी समस्यों के समाधान प्रदान करना, गुणवत्ता आश्वासन आदि।

इसके अलावा, नए घरेलू विक्रेताओं को निविदाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करके, निष्पादन के दौरान मार्गदर्शन देकर, तकनीकी और गुणवत्ता आश्वासन समर्थन देकर विक्रेता आधार को बढ़ाने के प्रयास भी जारी हैं। विक्रेताओं को समय पर आदेश निष्पादित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

*****